This is one of the solutions, that the Indian population should be adequately covered by health insurance.

MISS MABEL REBELLO: Group Insurance.

SHRI SURESH PRABHU: Yes, Group Insurance.

अजमेर से चित्तौड़गढ़ तक रेल लाइन का आमान परिवर्तन

*84. श्री ओंकार सिंह लखावतः क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अजमेर से चित्तौड़गढ़ तक रेल लाइन का आमान परिवर्तन कार्य कब तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय है और इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है; और

(ख) क्या अजमेर से पुष्कर और अजमेर से मेड़ता सिटी रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो गया है; यदि हां, तो उसकी अनुमानित लागत क्या है?

रेल मंत्रि ( कुमारी ममता बनर्जी): (क) अजमेर से चित्तौड़गढ़ तक आमान परिवर्तन को पूरा करने की लक्ष्य तिथी अभी निर्धारित नहीं की गई है। संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार इस कार्य को आगमी वर्षो में पूरा किया जाएगा।

(ख) जी हां। पुष्कर के रास्ते अजमेर मेड़ता रोड़ तक लाइन की अनुमानित लागत 208.76 करोड़ रुपये होगी। इस लाइन की लंबाई लगभग 102.57 कि.मी. है और इससे प्राप्त होने वाले प्रतिफल की दर 0.79 प्रतिशत होने का अनुमान है।

**Gauge Conversion from Ajmer to Chittorgarh**

†*84. SHRI ONKAR SINGH LAKHAWAT: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) by when the gauge conversion work of rail line from Ajmcr to Chittorgarh is targeted to be completed and what progress has been made in this regard so far; and

(b) whether survey work of rail line from Ajmer to Pushkar and Ajmer to Merta Road has been completed; if so, what is the estimated cost thereof?

THE MINISTER OF RAILWAYS (KUMARI MAMATA BANERJEE): (a)The target date for completion of gauge conversion from Ajmer to Chittaurgarh has not yet been fixed. The work would be completed in the coming years as per availability of resources.

(b) Yes, Sir. The anticipated cost of the line Ajmer to Merta Road via Pushkar would be Rs. 208.76 cr. The approximate length of the line is 102.57 km and rate of return is estimated at 0.79% .

श्री ओंकार सिंह लखावतः सभापति महोदय, मैंने मंत्री महोदया से अपने प्रश्न के (ख) भाग में पूछा था अजमेर से पुष्कर और अजमेर से मेड़ता सिटी रेल लाइन के बारे में। मैं यह जानना चाहता हूं कि अजमेर

†Original notice of the Question received in Hindi.

से पुष्कर के बीच की लाइन की कॉस्ट क्या होगी और यह तीर्थ स्थान जो करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है, क्या सरकार इसको रेल मार्ग से जोड़ने के लिए सकारात्मक, पॉज़िटीव रुख अपनाएगी? यह मेरा पहला पूरक प्रश्न है।

कुमारी ममता बनर्जीः सभापति महोदय, मैं यह सोचती हूं कि चित्तौड़गढ़, उदयपुर और अजमेर, ये तीनों बहुत बढ़िया जगहें हैं और चित्तौड़गढ़ और अजमेर में ब्रॉड गेज़ अभी है इसे उदयपुर से जोड़ने की मांग की गई थी लेकिन the Government have financial constraints. But, I think, Udaipur is an important place. It is of national importance. It is a tourist place. I think we should take up this matter fast because we want to bring it on the national broad guage network.

श्री ओंकार सिंह लखावतः सभापति महोदय, मैंने सवाल पूछा था तीर्थराज पुष्कार के बारे के बारे में, अजमेर से पुष्कर के बारे में और उदयपुर वाला आपने फरमा दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अजमेर से पुष्कर की दूरी मात्र 20-22 किलोमीटर है। मैंने अपने प्रश्न के (ख) भाग में अजमेर से पुष्कर के बारे में पूछा है । पुष्कर सबसे बड़ा तीर्थ स्थल है इस देश का और करोड़ों लोग प्रतिवर्ष वहां जाते हैं। मंत्री महोदया, मैं आपसे जानना चाहता हूं कि अजमेर से तीर्थराज पुष्कर को जोड़ने के बारे में आपका क्या विचार है?

KUMARI MAM ATA BANERJEE: According to the survey report. Ajmer to Pushkar may be about 25.6 kms. and Pushkar to Merta Road is 58 kms. It would cost Rs. 208.76 crores. पुष्कर के बारे में जो बात मेंबर ने कही है, जो उनका इन्ट्रस्ट है , उससे मैं सहमत हूं। यह प्रपोजल हम लोग प्लानिंग कमीशन में भेज रहे है और मेरी इच्छा है कि पुष्कर का यह प्रोग्राम कंप्लीट हो और अगले बजट में आए।

श्री बालकवि बैरागीः माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से निवेदन करना चाहता हूं कि उनके पास जो पेपर्स हैं वे उसमें देखें कि अजमेर से चित्तौड़गढ़ की जो बात आप कर रही हैं, वह उसी रेलमार्ग का हिस्सा है जो अजमेर से पुर्णा तक जाता है, जयपुर पुर्णा। इसी बीच में चित्तौड़ है और इसी के अंतर्गत रतलाम का मामला है जैसा कि आपने गत मास मेरे ज्ञापन के जवाब में कहा है। यह पूरी लाइन जयपुर से पुर्णा, जब आप ब्रॉड गेज़ से नहीं जोड़ेंगे, तब तक यह योजना पूरी नहीं हो पाएगी। चूंकि आपके पास सप्लीमेंटरी की पूरी तैयारी है, इसलिए मैं आपसे यह जानना चाहता हूं कि यह प्रोजेक्ट कब तक पुरा हो जाएग?

कुमारी ममता बनर्जीः सर, नीमच- रतलाम में जो थोड़ा मीटर गेज है, चित्तौड़ गढ़ से अगर अजमेर तक चला जाए तो उसके अंदर थोड़ा मीटर गेज लेना है। ...(व्यवधान).... मैं बोल रही हूं।

श्री बालकवि बैरागीः आप उल्टा बोल रही हैं।

कुमारी मामता बनर्जी : मैं बोल रही हूं आप हमें थोड़ा शुरू तो करने दीजिए। सर, चित्तौड़ गढ़, अजमेर व उदयपुर ब्रोड गेज लाईन है लेकिन उदयपुर से जो मीटर गेज लाईन है और जो रतलाम और नीमच है उसको हम पहले जोड़ना चाहते हैं। इसीलिए उदयपुर से चित्तौड़ गढ़ से अजमेर होगा। तो आपने लाईन पुर्णा से जाने के लिए कही है वह हमको एक्जामिन करनी पड़ेगी।

श्री राघवजीः सभापति महोदय, यह अजमेर और चित्तौड़ गढ़ के बीच में बहुत पुरानी मांग है और यह बहुत महत्वपूर्ण भी है कि इसको ब्रॉड गेज लाईन में परिवर्तित किया जाए। तो इसके बारे में प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। इस प्रश्न के 'क' भाग में यह पूछा गया था कि अभी तक इसमें कितनी प्रगति हुई है। लेकिन इसका उत्तर नहीं आया है कि अभी तक कितनी प्रगति हुई है और यह भी पता तो होना चाहिए कि यह कब तक पूरी हो जाएगी क्योंकि भले ही रिसोर्सेज आपको कितने मिलते हैं या नहीं मिलते हैं, यह अलग बात है। लेकिन जब कोई प्रोजक्ट बनता है तो उसके साथ-साथ यह भी तय हो जाता है कि यह कितने वर्ष में कब तक कम्पलीट हो जाएगा । इसलिए मैं माननीया मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि अभी तक क्या प्रगति है और यह कब तक पूरा किए जाने की व्यवस्था इस प्रोजेक्ट में की गई हैं?

कुमारी ममता बनर्जीः जो ब्रोड गेज को हम लिए हुए हैं इसमें 15 हजार करोड़ रुपए की जरूरत है जो ब्रॉड लाईन अभी देश में चल रहा है। लेकिन इस प्रोजेक्ट में हम लोगों ने जो बताया कि अभी हमें इस प्रोजेक्ट में भी इसकी जरूरत है। ...(व्यवधान)....

श्री बालकवि बैरागीः पुर्णा तक बतला दीजिए।

KUMARI MAMATA BANERJEE: Sir, Pune line is different. It is on a different zone.

पुर्णा तक हम लोग नहीं बतला सकते हैं। सर, इस प्रोजेक्ट में हम लोगों ने जो गवर्नमेंत से रुपया मांगा है, प्लानिंग कमीशन में भी भेजा है, लेकिन सर, अभी हमें 9 हजार करोड़ रुपए की जरूरत है लेकिन 7035 करोड़ रुपया ग्रोस और 568.68 करोड़ नेट प्लानिंग कमीशन ने दिया है। सर, हमें 8230 करोड़ रुपए की जरूरत है। एक भी रुपया रेलवे के पास नहीं है, जबकि हम तो ऑन –गोइंग प्रोजेक्ट पूरा करना चाहते हैं मेरे को दुख है कि एक-एक प्रोजेक्ट में हमको एक हजार मिलता है या एक लाख रुपया मिलता है।

For this, we have to take a policy decision ...*(Interruptions)*... I want to take a policy decision that whatever pending projects are there, let us complete them first. There must be some priority areas. Sir, every time, without planning, we sanction so many projects, and the Government does not give the money. Ultimately, the result is zero. The Government does not give us the budgetary support. Sir, in 90 per cent ... *(Interruptions)*....

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Does the Minister want the House to come to her rescue because she is saying that the Governemnt is not giving her the money for these projects?

KUMARI MAMATA BANERJEE : No. ^....*(Interruptions)*...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: The Minister is raising a serious point. Sir, the hon. Minister is saying that the Government is not giving her the money for these projects ...*(Interruptions)*....

What is this? Where is the Government ...*(Interruptions)*....

कुमारी ममता बनर्जीः मैं क्या बोलूं प्लीज मेहरबानी करके सुनिए ...(व्यवधान)....

Sir, I want to take the House into confidence ...*(Interruptions)*...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Is she representing the Government or not? ... *(Interruptions)...*

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी: वह सही कह रही है। उनको पैसा नहीं दिया जाता है।

कुमारी ममता बनर्जी: सर, हमको जितनी जरूरत है ब्रॉड गेज लाईन कम्पलीट करने के लिए इसके लिए हमें और रुपया चाहिए। ...(व्यवधान).... मैं हाऊस को कांफिडेंस में लेना चाहती हूं इस के लिए कि अगर हम लोग पौलिसी डिसीजन तैयार करें।

There are so many projects which are pending for a long time, and no time-frame is fixed for their completion. I want that there must be super fast clearance of these projects. The House must take a policy decision in this regard. Whatever the House decides, I will accept that This is my assurance to the House.

SHRI JIBON ROY: The House is with you. ..*(Interruptions)...*

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी: सरकार रेलवे को पैसा नहीं देना चाहती। सरकार को रेलवे को पैसा देना चाहिए। हम लोग ममता जी के साथ हैं। ममता जी बिल्कुल ठीक कह रही हैं। सरकार लाचारी में रखे हुए है।

श्री रामजीलाल: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीया मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्वेश्चन तो यह अजमेर और चित्तौड़ गढ़ का है लेकिन आपने साल में मीटर गेज से ब्रॉड गेज में लाइन परिवर्तित करने का कितन जिलों में प्लान बनाया हुआ है?

## WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

### Conversion of Naupara-Gunpur Metre-Gauge Line

*85. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the proposal for conversion of the narrow gauge line between Naupara and Gunpur in Southern Orissa into broad gauge has been pending since long;

(b) whether the matter has been brought to the notice of Government several times;

(c) if so, the reasons for the inordinate delay in implementation of the above project; and

(d) the expected time of implementing the above proposal?

THE MINISTER OF RAILWAYS (KUMARI MAMATA BANERJEE): (a) to (d) The work of Naupara-Gunpur gauge conversion was included in the Railway Budget, 1997-98 with the proviso that the actual work will be taken up once the requisite

*Transliteration of the Speech in Persian Script is available in the Hindi version of the Debate.